गृह मंत्रालय, भारत सरकार
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

नई दिल्ली
दिनांक 27 जुलाई, 2016

के0रि0पु0 बल ने 77वीं वर्षगांठ मनाई

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (केरिपुबल) ने आज अपनी 77वीं वर्षगांठ ग्रुप केंद्र, केरिपुबल, कादरपुर, गुड़गांव में मनाई। इस समारोह के मुख्य अतिथि श्री हंसराज गंगाराम अहीर, माननीय गृह राज्य मंत्री ने परेड की सलामी ली। इस शानदार परेड की अगुवाई श्री सुरज पाल वर्मा, कमांडेंट द्वारा की गई, जिसमें सी0आर0पी0एफ0 बैंड की मधुर धुनों पर मार्च–पास्ट किया। इस परेड का मुख्य आकर्षण महिलाओं द्वारा क्विक ड्रिल/यू0ए0सी0 का प्रदर्शन, मार्शल आर्ट वुशू और डॉग–शो था। बेल्जियन शैफर्ड मैलिनॉइस डॉग द्वारा विपरीत परिस्थितियों में आक्रमण करने का अनोखा प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर श्री हंसराज गंगाराम अहीर द्वारा केरिपुबल के दो जवानों को वीरता के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक प्रदान करके सम्मानित किया गया एवं 08 अन्य अधिकारियों और जवानों को भी उत्कृष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से अंलकृत किया गया।

एल0डब्ल्यू0ई0 थियेटर में 215 बटालियन, जम्मू–कश्मीर थियेटर में 110 बटालियन और पूर्वोत्तर थियेटर में 147 बटालियन को सर्वोत्तम परिचालन बटालियन की ट्रॉफी प्रदान की गई। 205 बटालियन को सर्वोत्तम कोबरा बटालियन घोषित किया गया। ग्रुप केंद्र, केरिपुबल, पुणे को सर्वोत्तम ग्रुप केंद्र की ट्राफी से सम्मानित किया गया, जबकि आर0टी0सी0 नीमच को सर्वोत्तम प्रशिक्षण संस्थान घोषित किया गया। माननीय गृह राज्य मंत्री द्वारा शहीदों पर 04 खण्डों के संग्रह 'नमन' का भी विमोचन किया गया।

भव्य परेड की प्रशंसा करते हुए श्री हंसराज गंगाराम अहीर, गृह राज्य मंत्री ने कहा कि उन्हें इस परेड का मुख्य अतिथि बनकर गर्व का अनुभव हो रहा है। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के शौर्य भरे इतिहास को याद करते हुए उन्होंने कहा कि इस बल ने न केवल देश में बल्कि विदेशों में भी, जहां इसकी तैनाती हुई है, शान्ति की स्थापना की है। कठिन परिस्थितियों के बावजूद इस बल ने चीनी एवं पाकिस्तानी हमलों का मुंहतोड़ जबाब दिया। उनके बलिदान हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि केरिपुबल आज देश में कानून एवं व्यवस्था को बनाए हुए है तथा माओवाद, आतंकवाद एवं विद्रोही शक्तियों से मुकाबला करते हुए चुनावों के दौरान पूरी सुरक्षा प्रदान कर रही है। गृह राज्य मंत्री ने बल को और आधुनिक बनाने पर जोर दिया और कहा कि इसके लिए एक विस्तृत योजना की रूपरेखा तैयार की गयी है । उन्होंने यह भी कहा कि सरकार, केरिपुबल के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा कल्याण संबंधी प्रस्तावों को वह पूरी प्राथमिकता दे रही है।

मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए श्री के0 दुर्गा प्रसाद, महानिदेशक, केरिपुबल ने कहा कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल लोकतंत्र का प्रहरी है। आज तक इस बल को कुल 1526 वीरता पदकों से अंलकृत गया है। वर्ष 2015 में बल के अधिकारियों एवं जवानों को कुल 101 वीरता पदकों से अंलकृत गया, जो एक रिकार्ड है। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले वर्ष 114 माओवादियों/उग्रवादियों एवं विद्रोहियों को मार गिराया गया तथा 1813 को पकड़ा गया। महानिदेशक नें बताया कि हम बल को और आधुनिक बनाने के लिए पूरा प्रयास कर रहे हैं तथा बल की परिचालनिक क्षमता बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीकि एवं इससे संबंधित हथियार मुहैया करवा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि 10,331 पारिवारिक आवासों तथा 55 बैरकों के निर्माण के लिए सरकार द्वारा स्वीकृति दी जा चुकी है। श्री के0 दुर्गा प्रसाद ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया ।

श्री सुधीर प्रताप सिहं, अपर महानिदेशक(प्रशिक्षण) नें धन्यवाद प्रस्ताव दिया ।

इससे पूर्व माननीय गृह राज्य मंत्री ने ''शहीद स्मारक'' पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की ।